उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 116/2025/1678/छप्पन-2025-62/2011
लखनऊ; दिनांक: 22.12.2025

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ में प्रवक्ता (एयरो) के पद पर कार्यरत श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह को शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या:-1426/छप्पन-2011-26/08 टी0सी0 दिनांक 11 नवम्बर, 2011 द्वारा नियत मासिक पारिश्रमिक रू0 31,000/- पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि के लिये संविदा पर नियुक्त किया गया था। श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह, प्रवका (एयरो) की सेवाओं की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए अन्तिम बार कार्यालय ज्ञाप संख्या-127/2023/1666/छप्पन-2023-62/2011 दिनांक 29.12.2023 द्वारा प्रवक्ता (एयरो) के स्वीकृति प्रदान की गयी है। शासनादेश संख्या- 52/2025/697/छप्पन-2025 -17/2014 दिनाक 19 मई, 2025 के अनुसार श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह का वर्तमान पारिश्रमिक रू0 1,02,581/- निर्धारित हुआ है।

2- निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, लखनऊ द्वारा अपने पत्र संख्या- 1222/ए0टी0आई0/संविदा/2014 दिनाक 16 अक्टूबर, 2025 के माध्यम से श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह, प्रवक्ता (एयरो) की संविदा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक पर दिनांक 30 नवम्बर, 2025 से अग्रेत्तर दो वर्ष (अर्थात 29 नवम्बर, 2027 तक) के लिए बढ़ाए जाने के सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश शीघ्र जारी करने का अनुरोध किया गया है।

3- निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0 लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ में प्रयक्ता (एयरो) के पद पर कार्यरत श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह की संविदा अवधि दिनांक 30 नवम्बर, 2025 से अग्रेत्तर दो वर्ष (अर्थात 29 नवम्बर, 2027 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

4- श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत् जारी रहेंगी।

5- श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह से संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित कर शासन को अभिलेखार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

ईशान प्रताप सिंह
विशेष सचिव।

संख्या: 116/2025/1678/छप्पन-2025; तद्दिनांक ।
प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-:
1. निदेशक, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट को इस आशय से प्रेषित कि श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह, प्रवक्ता (एयरो) से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित करके उसकी प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह, प्रवक्ता (एयरो), एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 प्रयागराज।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया,
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in